आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 0७.07.2025 समय : 02.10PM

## प्रधानमंत्री नामीबिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पाँच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया की राजधानी विंडहोक पहुँच गए हैं। वे नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेतुम्बो नंदी-नदैतवा के निमंत्रण पर वहां गए हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली यात्रा है और लगभग तीन दशकों के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की नामीबिया की यह तीसरी यात्रा है। विंडहोक के होसिआ कुटाको इंटरनैशनल हवाई अडडे पर उनका रस्मी स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## कैबिनेट निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि 13 से 19 जुलाई को वह दुबई और स्पेन की यात्रा करेंगे जिसका उद्देश्य प्रदेश में निवेश को आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि निषाद राज सम्मेलन कल आयोजित किया जाएगा। इसमें कई कल्याणकारी योजना की घोषणा होगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा कैबिनेट बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली वितरण कंपनियों में 49263 नये पदों को मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कृषि सिंचाई जलकर की राशि पर ब्याज और दंड राशि को सरकार ने माफ कर दिया है। इसके प्रदेश के 35 लाख किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल और कॉलेजों में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम होगे।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा

नाथूला, सिक्किम के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा का पांचवां जत्था आज सुबह दिल्ली से रवाना हुआ। इसमें 49 लोग शामिल हैं- जिनमें 42 यात्री, दो संपर्क अधिकारी और एक आईटीबीपी डॉक्टर हैं। इसके अलावा, चार सहायक कर्मचारी पहले से ही गंगटोक में तैनात हैं।

## जम्मू-कश्मीर अमरनाथ यात्रा

जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ तीर्थयात्रा के शुरुआती छह दिन में एक लाख 11 हजार से अधिक भक्त पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। कल 18 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में दर्शन किए। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि पहलगाम और बालताल- दोनों मार्गों पर यात्रा सुचारू तरीक़े से जारी है। इस बीच, सात हजार पांच सौ उनासी तीर्थयात्रियों

का 8वां जत्था आज सुबह भगवती नगर यात्री निवास आधार-शिविर से रवाना हुआ।

मौसम

प्रदेश में हो रही भारी बारिश से मंडला, नरसिंहपुर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, इससे कई रास्ते बंद हैं। नरसिंहपुर के कई गांव पानी में डूब गए। प्रदेश में अब तक औसत 14 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 74% ज्यादा है। मौसम विभाग ने आज 35 जिलों में अति भारी या भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पूर्व हिस्से जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में अति भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि 12 जुलाई तक प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में तेज बारिश का दौर रहेगा। पूर्वी हिस्से में सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा। टीकमगढ़ जिले में कल बान सुजारा बांध के 5 गेट और खोल दिए गए। दमोह में सतधरू और साजली बांध के तीन-तीन गेट और बैतूल जिले के सारणी में सतपुड़ा डैम के 7 गेट खोल दिए गए। नरसिंहपुर के कौड़ियां गांव में बाढ़ आ गई। वहीं, मंडला में नर्मदा नदी खतरे के निशान के ऊपर बही। नर्मदापुरम के पचमढ़ी में 9 घंटे में 5 इंच से ज्यादा पानी गिर गया।

मुख्यमंत्री एबीवीपी

छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का आज स्थापना दिवस है। आज ही के दिन 9 जुलाई 1949 को संघ कार्यकर्ता बलराज मधोक की अगुआई में इसकी स्थापना हुई थी। मुख्यमंत्री डाॅ. माेहन यादव ने एबीवीपी के स्थापना दिवस पर संगठन से जुड़े सभी विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर वीरेंद्र कुमार नेआज छतरपुर स्थित मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।
- गुरुपूर्णिमा पर्व के चलते खंडवा–सनावद मेमू ट्रेन को बुधवार और गुरुवार भी चलाया जाएगा।
- रायसेन जिले के देवनगर थाना क्षेत्र में आज मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन पलट गई। हादसे में 28 मजदूर घायल हो गए, जिनमें 10 की हालत गंभीर है।
- सिंगरौली विधायक राम निवास शाह ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचनी में छात्रो को वितरित की जाने वाली सायकलो का अवलोकन किया।

- शहडोल जिले में कल शाम रोहनिया के बरसाती नाले में नहाने गए तीन नाबालिग भाइयों की में डूबने से मौत हो गई,
- शिवपुरी जिले के बालगृहमंगलम में कल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल संरक्षण एवं संवर्धन विषयक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
- **क्रिकेट में, भारतीय महिला टीम आज इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टी20 मुकाबला खेलेगी। भारतीय टीम प्रतियोगिता में 2-1 से आगे है।**